अग्रवाल महाविद्यालय में आज दिनांक 23-01-2023 को वाणिज्य विभाग द्वारा Beam Outsources Services LLP के संयुक्त तत्वाधान में इन्वेस्टर अवेयरनेस कार्यशाला का आयोजन किया गया । प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के दिशा निर्देशन में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाता है ताकि विद्यार्थी अपनी स्नातक शिक्षा के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण विषय जैसे बीमा, विनियोग नियम, कानूनी सलाह, इत्यादि का भी ज्ञान ले सकें । उनके अनुसार वाणिज्य के विद्यार्थियों को रोजगार मार्केट के अनुरूप अपने आपको तैयार करने हेतु प्रत्येक विषय को पढ़ना और सीखना जरूरी है ताकि उन्हें रोजगार के सुनहरे अवसर प्राप्त हो । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में श्री धवल पंडी ने विनियोग कब कहां और कैसे किया जाए की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों के साथ सांझा की । उन्होंने बताया कि जितनी कम आयु में विनियोग शुरू किया जाएगा उतना ही ज्यादा corpus बनाया जा सकता है । साथ ही उन्होंने विनियोग उद्देश्य को ध्यान में रखकर विनियोग करने पर बल दिया । यह कार्यशाला केवल विद्यार्थियों के लिए ही नही बल्कि प्राध्यापकों के लिए भी अति उपयोगी रही। वक्ता ने विद्यार्थियों और अध्यापकों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए और उन्हें भविष्य में भी जरूरत के समय विनियोग संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु अपना मोबाइल नंबर भी सांझा किया। इस कार्यशाला में लगभग 60 विद्यार्थियों और वाणिज्य विभाग के सभी प्राध्यापक ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. शोभना गोयल ने मुख्य वक्ता और प्राचार्य जी के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।